राजकीय पॉलीटेक्निक क्वांसी
तहसील चकराता, देहरादून – 248124 उत्तराखण्ड
Email : principalgpq@gmail.com, Website : www.gpquansi.org

Ref. No.- 1056 /AICTE / 2022-23 Date: 25.03.2023

CERTIFICATE

It is to certify that institute has implemented Teachers Training policy for faculties (Uttarakhand directorate of technical education letter is also enclosed with this).

(Abhishek Chauhan)
Principal

प्रेषक,

निदेशक,
प्राविधिक शिक्षा,उत्तराखण्ड
श्रीनगर,गढवाल।

सेवा में,

प्रधानाचार्य,
समस्त राजकीय एवं सहायता प्राप्त पॉलीटेक्निक,
उत्तराखण्ड।

पत्रॉक2805 /नि0प्रा0शि0/अटल से0/प्रशि0/2020–21 दिनॉकः 14,अक्टूबर,2020

विषयः अटल एकादमी के अंतर्गत संचालित ऑनलाइन प्रशिक्षण कार्यक्रमो में फैकल्टी के अनिवार्य प्रतिभाग करने विषयक।

महोदय,

आप अवगत ही होंगे कि तकनीकी अधिगम के उदेश्य से अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा परिषद द्वारा अटल योजना के अंतर्गत देश भर के प्रतिष्ठित संस्थानों के माध्यम से Online Faculty Development Programme चलाये जा रहे है। वर्तमान में अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा परिषद के अटल पोर्टल पर विभिन्न पॉठयक्रमों के लगभग 167 प्रस्तावित प्रशिक्षण कार्यक्रमों की समय सारणी प्रदर्शित की जा रही है,जो कि वर्ष 2020–21 में किये जाने प्रस्तावित है,साथ ही माह नवम्बर,2020 तक 461 नये FDP भी सम्मिलित किये जाने प्रस्तावित है।

महोदय, उक्त सम्बंध में अटल योजना, अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा परिषद,नई दिल्ली के निदेशक द्वारा अवगत कराया गया है कि देश के प्रतिष्ठित संस्थानों द्वारा वर्तमान में ऑनलाइन प्रशिक्षण कार्यक्रम संचालित किये जा रहे है जो कि अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा परिषद से मान्यता प्राप्त संस्थाओं के शैक्षिक सदस्यो के लिये निशुल्क है,उनके द्वारा आग्रह किया गया है कि उत्तराखण्ड राज्य के पॉलीटेक्निक संस्थाओं से अधिकतम फैकल्टी को प्रशिक्षणों हेतु पंजीकरण कराया जाये, ताकि प्रदेश के अधिकाधिक फैकल्टी को प्रशिक्षण/योजना का लाभ प्राप्त हो सके।

अतः इस सम्बंध में आपको निर्देशित किया जाता है कि आप अपनी संस्था में कार्यरत्त समस्त शैक्षिक .कार्मिको को अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा परिषद द्वारा अटल योजना के अतर्गत चलाये जा रहे ऑनलाइन प्रशिक्षण कार्यक्रमों में से उनकी अभिरुचि के विषय पर कम से कम 02 ऑनलाइन प्रशिक्षण प्राप्त कराना अनिवार्य करे। प्रशिक्षण प्राप्त करने के उपरान्त संयुक्त प्रवेश परीक्षा एवं प्रशिक्षण,अनुसंधान विकास प्रकोष्ठ,देहरादून को कार्मिक द्वारा प्राप्त प्रशिक्षण से अनिवार्य रुप से अवगत कराते हुये रिकार्ड हेतु प्राप्त प्रमाण पत्र की 01 प्रति भी उपलब्ध करायेगे साथ ही कार्मिको द्वारा प्राप्त प्रशिक्षण के प्रमाण पत्र की 01 प्रति को उनकी व्यक्तिगत पत्रावली में भी अनिवार्य रुप से संचित किया जाये।

भवदीय

(हरि सिंह)
निदेशक